भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2132

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

आंध्र प्रदेश में सीआरआईएफ के अंतर्गत मरम्मत कार्य

2132. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय को आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत राज्य में सड़कों के निर्माण और/या मरम्मत के लिए वर्षवार कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राष्ट्रीय राजमार्गवार एवं जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए प्राथमिकता निर्धारण हेतु राज्य सरकार को कोई सूची भेजी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) आंध्र प्रदेश में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान किए गए, पूर्ण किए गए और चल रहे कार्यों का वर्षवार और राष्ट्रीय राजमार्गवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। इसके अतिरिक्त, सरकार संशोधित सीआरआईएफ अधिनियम, 2000 के तहत मानदंडों के अनुसार राज्य सड़कों के विकास और रखरखाव का कार्य करती है, जिसमें पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के ढांचे के भीतर राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्राथमिकता वाली परियोजनाओं की सूची को अंतिम रूप देने का प्रावधान है, और यह परियोजनाओं को चिह्नित करने, स्वीकृति और कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत है। स्वीकृत सूची वाली परियोजनाओं की प्रशासनिक मंजूरी, तकनीकी मंजूरी और वित्तीय स्वीकृति संबंधित राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा स्वीकृत लागत से 10 प्रतिशत तक की अनुमत आधिक्य लागत के साथ दी जाती है। परियोजना कार्यान्वयन की आगे की जिम्मेदारी संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकार की होती है, जिसमें समय पर कार्यों को पूरा करने के लिए नियमित अंतराल पर राज्य / संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की परियोजना निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण शामिल है।

आंध्र प्रदेश राज्य में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान अनुमोदित सीआरआईएफ कार्यों का वर्ष-वार विवरण और उनके पूरा होने की वर्तमान स्थिति नीचे दी गई है:

वर्ष	**कार्य अनुमोदित**			**कार्य पूर्ण**			**कार्य प्रगति पर**		
	संख्या	**लंबाई (किमी में)**	**धनराशि (करोड़ रु. में)**	**संख्या**	**लंबाई (किमी में)**	**धनराशि (करोड़ रु. में)**	**संख्या**	**लंबाई (किमी में)**	**धनराशि (करोड़ रु. में)**
2022-2023	17	224	390.30	8	116	204.30	9	108	186.00
2023-2024	9	62	482.84	2	29	57.00	7	33	425.84
2024-2025	1	1	98.00	-	-	-	1	1	98.00
2025-2026	1	21	49.00	-	-	-	1	21	49.00

*****